# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
## (हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.5-1/2025-हिं.अ.                                                    दिनांक: 20.08.2025

## परिपत्र

**विषय : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में हिंदी पखवाड़े के दौरान हिंदी प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी।**

संस्थान में माननीय निदेशक महोदय की अनुमति से दिनांक 15.09.2025 से 29.09.2025 तक **"हिंदी पखवाड़ा"** मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत 15.09.2025 से 23.09.2025 तक संस्थान के संकाय-सदस्यों/अधिकारियों, नियमित स्टाफ सदस्यगण, नर्सिंग स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं, परियोजना स्टाफ के लिए निम्नानुसार हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी प्रस्तावित है:-

| क्र.सं. | प्रतियोगिता | दिनांक | स्थान एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | **हिंदी निबंध प्रतियोगिता**<br>(समूह 'ख' एवं 'ग' स्टाफ सदस्यों हेतु)<br>(क) हिंदी भाषा-भाषी स्टाफ हेतु<br>(ख) अन्य भाषा-भाषी स्टाफ हेतु | 15.09.2025<br>(पूर्वाह्न) | डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार<br>प्रात: 11.30 बजे से |
| 2 | **हिंदी टिप्पण एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता**<br>(समूह 'ख' एवं 'ग' स्टाफ सदस्यों हेतु) | 15.09.2025<br>(अपराह्न) | डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार<br>दोपहर 2.30 बजे से |
| 3 | **वाद-विवाद प्रतियोगिता** | 18.09.2025<br>(पूर्वाह्न) | डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार प्रात: 11.30 बजे से |
| 4 | **संस्थान के छात्र-छात्राओं हेतु विशेष हिंदी निबंध प्रतियोगिता**<br>(क) हिंदी भाषा-भाषी छात्र-छात्राओं हेतु<br>(ख) अन्य भाषा-भाषी छात्र-छात्राओं हेतु | 18.09.2025<br>(अपराह्न) | डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार दोपहर 2.30 बजे से |
| 5 | **काव्य-पाठ प्रतियोगिता** | 22.09.2025<br>(पूर्वाह्न) | डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार प्रात: 11.30 बजे से |
| 6 | **संकाय-सदस्यों एवं अधिकारियों (समूह 'क') हेतु निबंध प्रतियोगिता**<br>(क) हिंदी भाषा-भाषी हेतु<br>(ख) अन्य भाषा-भाषी हेतु | 22.09.2025<br>(अपराह्न) | डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार दोपहर 2.30 बजे से |
| 7 | **नर्सिंग स्टाफ हेतु विशेष हिंदी निबंध प्रतियोगिता**<br>(क) हिंदी भाषा-भाषी हेतु<br>(ख) अन्य भाषा-भाषी हेतु | 23.09.2025<br>(अपराह्न) | डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार दोपहर 2.30 बजे से |

जारी......2/-

उपर्युक्त सभी प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार राशि निम्नानुसार है:-

| क्र.सं. | पुरस्कार | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम पुरस्कार | ₹ 5,000/- एक पुरस्कार |
| 2 | द्वितीय पुरस्कार | ₹ 3,000/- एक पुरस्कार |
| 3 | तृतीय पुरस्कार | ₹ 2,000/- एक पुरस्कार |
| 4 | प्रोत्साहन पुरस्कार | ₹ 1,000/- पांच पुरस्कार |

इसके अतिरिक्त अन्य भाषा-भाषी वर्ग में यदि कोई प्रोत्साहन पुरस्कार शेष बचता है तो उसको हिंदी भाषी वर्ग के पुरस्कारों में सम्मिलित कर दिया जाएगा।

संस्थान में हिंदी पखवाड़े के दौरान जो स्टाफ-सदस्यगण जिस भी हिंदी प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र हैं, वे उस दिन उक्त प्रतियोगिता प्रारंभ होने से आधा घंटा पूर्व प्रतियोगिता हेतु निर्धारित स्थान पर पंहुच कर अपनी प्रविष्टि दे सकते हैं।

उपर्युक्त हिंदी प्रतियोगिताओं में विजयी घोषित उम्मीदवारों को दिनांक 29.09.2025 को प्रात: 11.00 बजे से जवाहर लाल सभागार में आयोजित होने वाले हिंदी पखवाड़े के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि महोदय के कर-कमलों द्वारा प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

अत: सभी केन्द्र-प्रमुख/विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण से अनुरोध है कि कृपया यह सूचना सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्र में कार्यरत सभी संकाय-सदस्यगण/ अधिकारीगण/ कर्मचारीगण/ छात्रगण की जानकारी में ला दें ताकि इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक स्टाफ-सदस्यगण भाग ले सकें।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए हिंदी अनुभाग से व्यक्तिगत रूप से अथवा फोन नं. 4863 पर संपर्क किया जा सकता है।

(दिव्या यानामदाला)
वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं
राजभाषा अधिकारी

<u>वितरण</u>:- <u>सभी केन्द्र-प्रमुख/विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण।</u>

<u>प्रतिलिपि</u>:-

- निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक/परीक्षा/अनुसंधान)/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
- अपर निदेशक (प्रशासन)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी /उप-सचिव महोदय के निजी सचिव।
- मुख्य प्रशासन अधिकारी/अधीक्षण अभियंता/वित्त सलाहकार/कुल-सचिव महोदय के निजी सचिव।
- प्रधानाचार्या, नर्सिंग कॉलेज, अ.भा.आ.सं.।
- प्रभारी आचार्य (कंप्यूटर सुविधा) - कृपया इस परिपत्र को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।